बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-191
11/03/2023

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने अमर शहीद जुब्बा सहनी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 11 मार्च 2023 :– राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अमर शहीद जुब्बा सहनी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर मोईनुलहक स्टेडियम, राजेन्द्र नगर के दक्षिण–पश्चिम कोने पर अवस्थित पार्क में अमर शहीद जुब्बा सहनी की आदकमद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद श्री भीष्म सहनी, पूर्व विधायक श्री विद्यासागर निषाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, भवन निर्माण विभाग के सचिव सह पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य श्री नंदकिशोर कुशवाहा, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद, जदयू नेता श्री ओमप्रकाश सेतु, निषाद नेता श्री छोटे सहनी सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, बिहार गीत एवं अमर शहीद जुब्बा सहनी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीतों का गायन किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। बिहार में सफलतापूर्वक लागू पूर्ण शराबबंदी के अध्ययन के संबंध में छत्तीसगढ़ से आये प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में शराबबंदी का क्या असर है और इससे कितना फायदा हुआ है, इसे देखने और समझने के लिए छत्तीसगढ़ से एक टीम यहां आई हुई है। टीम ने मुझसे भी मुलाकात की है। हमने सारी बातों की जानकारी उन्हें दे दी है। बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ के लोगों ने मुझे आमंत्रित किया था। हमलोग वहां गये थे। अभी के छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल उस समय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे। हमारी मुलाकात उनसे भी हुई थी। बिहार में शराबबंदी को देखने लोग आ रहे हैं, यह अच्छी बात है। छत्तीसगढ़ से आये लोग शराबबंदी को देखकर काफी प्रसन्न हैं। प्रतिनिधिमंडल में एक महिला विधायक भी शामिल हैं। समाज में कुछ आदमी तो गड़बड़ करनेवाले होते ही हैं। शत प्रतिशत लोग तो कभी ठीक नहीं हो सकते हैं। शराबबंदी को लेकर हमलोगों ने वर्ष 2018 में सर्वेक्षण करवाया था तो पता चला था कि एक करोड़ 64 लाख लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। अभी हाल ही में दोबारा सर्वेक्षण करवाया गया है तो यह बात सामने आयी कि अब 1 करोड़ 82 लाख लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। रिपोर्ट में यह बात सामने आयी है कि 99 प्रतिशत महिलाएं शराबबंदी के पक्ष में है जबकि 92–93 प्रतिशत पुरुष शराबबंदी के पक्ष में हैं। शराबबंदी बड़ी चीज है, कुछ आदमी तो इधर–उधर करनेवाला होता ही है, यह कोई चिंता की बात नहीं है। पहले लोग अपना पैसा शराब पीने में खर्च कर देते थे, अब लोग अच्छे से रह रहे हैं। शराब पीने की जगह अब लोग अपना पैसा सामान खरीदने में खर्च कर रहे हैं।

राजद सुप्रीमो श्री लालू प्रसाद यादव के रिश्तेदारों पर ई0डी0 की छापेमारी के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके यहां छापेमारी हो रही है वो लोग अपना जवाब दे रहे हैं। हमको इस पर क्या कहना है? इन सब चीजों पर हमने शुरु से लेकर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। कहीं पर कुछ होता है तो उस पर हम कुछ नहीं बोलते हैं। जिनके यहां अभी रेड हुआ है उनके यहां 5 साल पहले भी रेड हुआ था। अभी फिर से हमलोग एक साथ हो गये हैं तो फिर से रेड हो रहा है। वर्ष 2017 में रेड हुआ था तो हमने कह दिया था कि इसे एक्सप्लेन कर दीजिए। इसको लेकर कुछ बातें हुई और वहां के लोगों ने मेरे साथ बात करनी शुरु कर दी। उनलोगों की बात को मानकर हमलोग उनके साथ चले गये। फिर हमलोग जब इनके साथ आये हैं तो फिर से रेड शुरु हो गया है। क्या मामला है या नहीं है, ये तो वहीं लोग बतायेंगे। जिनके यहां रेड हुआ है वो लोग जवाब दे ही रहे हैं तो हमको इस पर क्या कहना है?

केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग को लेकर 9 विपक्षी दलों के प्रधानमंत्री को लिखे पत्र पर दस्तखत नहीं करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा– इसमें कोई इस तरह की बात नहीं है। हम तो इंतजार कर रहे हैं। अलग–अलग पार्टियां अलग–अलग काम करती हैं, इन सब चीजों से हमारा कोई मतलब नहीं है। हम तो रात–दिन काम करते रहते हैं। हमारी सक्रियता को आपलोग देख रहे हैं। समाधान यात्रा के दौरान हमने सभी जिलों में जाकर वहां की समस्याओं को लेकर जानकारी ली है। उन समस्याओं के निदान को लेकर हमलोग काम कर रहे हैं। हमलोग काम में व्यस्त हैं। हमारी एक ही इच्छा है कि ज्यादा से ज्यादा दल एकजुट हो जायें। एक बार हमने सभी दलों से बात कर ली है। यदा–कदा लोगों से बातचीत होती रहती है। छोटे–मोटे कामों को लेकर अभी कहीं जाने की जरुरत नहीं है। सभी पार्टियों के लोग अपना–अपना काम करते रहते हैं। यहां सात पार्टियां मिलकर काम कर रही हैं। यहां पर कोई दिक्कत नहीं है। बाकी जिनकी जो इच्छा होती है वो करते हैं, सबको अधिकार है। जब सभी दलों में एकजुटता होगी तो अगर सभी जगहों पर जाने की जरुरत होगी तो जायेंगे। मेरी व्यक्तिगत कोई ख्वाहिश नहीं है। अपने लिए हम कुछ नहीं चाहते हैं। हम सबका हित चाह रहे हैं।

विपक्षी एकजुटता को लेकर कांग्रेस से अपील करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हमेशा अपील की है। अभी हाल में हुई दो मीटिंग में भी हमने इसको लेकर कहा है। इसको लेकर सी0पी0आई0–एम0एल0 की मीटिंग में भी हमने कहा था और इसके बाद सातों पार्टियों की पूर्णिया में हुई मीटिंग में भी हमने कह दिया है। सभी लोग पॉजिटिव बोल रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री को सी0बी0आई0 की तरफ से समन किये जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा– वो लोग क्या कर रहा है वो ही जाने। यह सब कोई नयी चीज नहीं है। पहले भी समन किया गया था। मेरी समझ से यह कोई खास इश्यू नहीं है। 2017 में छापेमारी हुई थी उसमें क्या हुआ? अब 5 साल बाद फिर से हो रहा है। उस समय क्यों नहीं हुआ था।

भाजपा सांसद श्री सुशील कुमार मोदी के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री सुशील कुमार मोदी को तो रोज बोलना ही है। वे रोज–रोज नहीं बोलेंगे तो कैसे होगा? वे मेरे खिलाफ भी बोलते रहें। इससे हमको कोई मतलब नहीं है। बिहार में गठबंधन बदलने की चल रही बात के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कहां गठबंधन बदलने की बात चल रही है? ऐसी कोई बात नहीं है। यह सब चिंता मत कीजिए।

*****